एक निवेदन...
**मंथरा गान**
चतुर्थ सत्र
आज 6 फरवरी 24 6.30 से -7.30 पीएम
(मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति, मानस भवन, आर एन टी मार्ग, इंदौर)

कृपया 'मंथरा गान' के इस आयोजन में आप अवश्य भाग लेवें ...साथ ही अपने इष्ट मित्रों एवं परिवारजनों को भी... मेरी ओर से सूचना देने का कष्ट करें... यह आयोजन अनूठा, अद्भुत और ऐतिहासिक है...आपकी सहभागिता से यह कार्यक्रम... गरिमा और सफलता प्राप्त करेगा... अवश्य आईये...!

-एल एन उग्र
मो. 9425039071

अतिसय प्रीति देखि रघुबीरा । प्रगटे हृदयँ हरन भव भीरा ॥
मुनिहि राम बहु भाँति जगावा । जाग न ध्यान जनित सुख पावा ॥
भूप रूप तब राम दुरावा । हृदयँ चतुर्भुज रूप देखावा ॥
| Ram Katha 931 - मानस चतुर्भुज || Limbdi - Gujarat || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 207 | इंदौर, मंगलवार 06 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# मंथरागान : एक अभियान का आज चतुर्थ सत्र..!
## आप सभी आमंत्रित है




श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति
आर.एन.टी.मार्ग, इन्दौर (म.प्र.)

अनूठा अद्भुत ऐतिहासिक

महाग्रंथ "रामायण" के उपेक्षित पात्र पर कविवर पं.सत्यनारायण सत्तन जी द्वारा रचित महाकाव्य "मंथरा" के प्रमुख अंशो को लयबद्ध (स्वरबद्ध) कर
"मंथरा गान"
का आयोजन किया जा रहा है।

: गान स्वरदेयता :
"पुष्पेन्द्र पुष्प"

समय : 16 जनवरी 2024 से प्रति मंगलवार
समय : सायं 6:15 से 7 :00
स्थान : श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समितिसभाग्रह, इन्दौर

आपकी सहभागिता से यह ऐतिहासिक आयोजन गरिमामय बन सकेगा

कृपया अपने इष्टमित्रों एवं परिवार जनों सहित अवश्य पधारियेगा।

भवदीय

एल.एन.उग्र
सूत्रधार
9425039071

हरेराम वाजपेयी
प्रचार मंत्री

अरविन्द जवलेकर
प्रधानमंत्री
श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति,इन्दौर

















**समारोह के बाद कथा प्रसाद अवश्य ले ..**

# प्रथम निमंत्रण बड़े गणपतिजी को समर्पित

**21वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 मार्च को**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सकल पंच मारू प्रजापति समाज का 21वां सामूहिक विवाह सम्मेलन दलाल बाग में 12 मार्च 2024 आयोजित हैं। सम्मेलन अध्यक्ष प्रेम कुमार मंगरोला और ट्रस्टी राजू प्रजापत ने बताया कि, सम्मलेन के प्रथम निमंत्रण आज बड़े गणपतिजी समर्पित कर आशीष लेकर आरंभ किया।उन्होंने बताया कार्यक्रम महारानी लक्ष्मीबाई स्टेच्यू से सुंदर वर घोड़ी पर और वधु सुसज्जित बग्घियों में सवार होकर सम्मेलन में आएगी । सम्मेलन का आगाज कैलाश चैनाजी भेरूनदिया परिवार ने कुलदेवी मां श्री यादे की आरती से आरंभ होगा।

वर-वधू की वरमाला का स्टेज कार्यकम होगा। आचार्य, महाराज के सान्निध्य में लग्न मंडप में चवरी फेरे लिए जायेंगे, जिसे समाज की महिला मंडल ने रीति-रिवाजों से पूर्ण किया जाएगा। समाज की वरिष्ठ पंच समिति ने युगल जोड़ों को आशीर्वाद दिया जाएगा। सम्मेलन में पधारे सभी समाजबंधुओं की भव्य उपस्थिति ने इस कार्यक्रम में तन-मन- धन से सहयोग देते हुए सफल बनाया जाएगा। सम्मेलन के इतिहास में कन्याओं को कन्यादान दिया गया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या मे समाजजन एकत्रित होंगे। 1 हजार से अधिक व्यक्ति की क्षमता के पांडाल में भोजन प्रसादी परम्परागत तरीके से परोसी जाएगी।स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**कलेक्टर की चेतावनी**

# रेरा की बकाया राशि समय पर जमा नहीं की तो संपत्ति की जाएगी कुर्क

**टीएल बैठक में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले में विभिन्न रेरा प्रकरणों में वसूली जाने वाली राशि के लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस के अनुसार समय सीमा में राशि जमा नहीं करने पर संबंधितों की संपत्ति कुर्क कर नीलाम कर राशि की वसूली की जाएगी।**

कलेक्टर कार्यालय में सोमवार को समय सीमा (टीएल) बैठक हुई। इसमें कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि शासकीय जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर यह देखें कि शासकीय जमीन पर अतिक्रमण तो नहीं हो रहे। राजस्व प्रकरणों का भी समय सीमा में निराकरण किया जाएगा।

### 15 दिन में बाल भिक्षुक मुक्त करें शहर

कलेक्टर आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले 15 दिनों में शहर को बाल भिक्षुक मुक्त शहर बनाया जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि शहर में प्रमुख रूप से 27 चौराहों और सात बड़े मंदिरों में बाल भिक्षुक दिखाई देते हैं। इन जगहों पर कार्यवाही के लिए दल बनाए गए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए गए बच्चों के शिक्षण की व्यवस्था भी की जाए।

# शिवाजी महाराज का जयंती महोत्सव 17 फरवरी से

**वाहन रैली और कार्यक्रमों को लेकर बैठक में लिए कई निर्णय, भजनों की प्रस्तुति भी होगी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। छत्रपति शिवाजी महाराज की 394वीं जयंती 19 फरवरी के उपलक्ष्य में क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना द्वारा तीन दिवसीय महोत्सव 17 फरवरी से आयोजित किया जाएगा। इसमें स्वच्छता अभियान, दीप प्रज्वलन, वारकरी संप्रदाय भजन मंडलियों द्वारा भजनों की प्रस्तुति, वाहन रैली सहित कई आयोजन किए जाएंगे। इसको लेकर समाजजन की रविवार को अहम बैठक आयोजित की गई।

प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत कुंजीर और वरिष्ठ समाजसेवी मिलिंद दिघे ने बताया कि क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव में 17 फरवरी को सुबह छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान एवं दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। इसमें सैकड़ों समाजजन छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई करेंगे। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ होगा। 18 फरवरी को वारकरी संप्रदाय भजन मंडलियों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 19 फरवरी को सुबह 8:30 बजे सांई मंदिर लवकुश आवास विहार सुखलिया से विशाल वाहन रैली निकलेगी, जिसमें हजारों समाजजन वाहनों से प्रतिमा स्थल पहुंचेंगे।

### समाजजन ने भी दिए अपने सुझाव

महोत्सव की तैयारियों को लेकर क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना के इंदौर पार्क रोड राजकुमार ब्रिज चौराहा स्थित प्रदेश कार्यालय पर एक अहम बैठक का आयोजित की गई, जिसमें तीन दिवसीय महोत्सव की रूपरेखा को लेकर चर्चा हुई। समाजजन ने अपने सुझाव भी दिए। कई आवश्यक निर्णय लिए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से चंद्रकांत कुंजीर, मिलिंद दिघे, स्वाति मोहिते, लवली जाधव, प्रमोद गोरे, पुंडलिक राव शिंदे, सुनील खंडागले, मल्हार राव कदम, विजय डफाल, दीपक वाडेकर, नितिन बामदले, जितेंद्र कानगुड़े, तरुण जावलेकर, अजय ऐरेकर, राजू काले, श्यामसुंदर शर्मा एवं करण कुंजीर, चंद्रशेखर गोपाले सहित उपस्थित थे।

# नशामुक्त इंदौर कैंपेन के तहत तख्तियां लेकर इनफ्लुएंसर्स ने किया वॉक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शीरोस सेवा सोशल वेलफेयर सोसायटी और मिस एंड मिसेज इंडिया इंटरनेशनल दीवा 2024 द्वारा नेक्सस इंदौर सेंट्रल के सेंट्रो लाइफस्टाइल में ऑर्गेनाइज किया गया। इसमें नशामुक्त इंदौर कैंपेन को लेकर इनफ्लुएंसर्स द्वारा वॉक किया गया।

### →ये रहे विजेता

डॉ. जानवी चांदवानी ने बताया कि मदर-डॉटर विनर दीपाली और दिविका रहे। इसी तरह कॉन्फिडेंट पर्सनेलिटी शो विनर वान्या चांदवानी, मिस्टर कैटेगरी में अर्नोल्ड विनर और स्वर्ण सोनी रनर अप, किड्स कैटेगरी में हिमांशी शर्मा विनर और रनर अप में मनाया, मिस कैटेगरी में श्वेता कुमारी और रनर अप गुरुषा सिंह रहे। शो आउटफिट्स डिजाइनर फरहीन कादरी थे। कृपाल सिंह सेन्ट्रल वेन्यू पार्टनर रहे। जजेस में पिंकी वर्मा, रचना परमार, अमन खान, अनुपमा बोथरा और विनीत रहे। अश्विन राठौर, शिखा काबरा, नेहा सहाय, काजल माटा और रोटेरियन सीए घनश्याम सिंह का भी सहयोग रहा।

# दो माह में 25 हजार घरों की छतों पर सौर ऊर्जा से तैयार होगी बिजली

**स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा शहर में हर घर सोलर अभियान की होगी शुरूआत**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **स्वच्छता में नंबर वन इंदौर शहर को सोलर सिटी के रूप में पहचान दिलवाने के लिए मंगलवार से हर घर सोलर अभियान की शुरूआत होगी। स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा इस अभियान के तहत अगले दो माह में शहर के 25 हजार घरों की छतों पर सौर ऊर्जा से बिजली तैयार करने के संयंत्र लगाने की तैयारी में है।**

अधिकारियों के मुताबिक, इन घरों में लगने वाले संयंत्रों से 75 मेगावट बिजली तैयार होगी। इस तरह लोगों को छह से सात करोड़ रुपये के बिजली बिल की बचत होगी। गौरतलब है कि इस प्रोजेक्ट के तहत शहर के 22 जोन के 22 कालोनियों के सभी रहवासियों ने अपने घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का संकल्प लिया है। ऐसे में स्मार्ट सिटी द्वारा मंगलवार को रवीन्द्र नाट्यगृह में होने वाले आयोजन में रहवासी संघ के प्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने वाले व्यक्ति के संकल्प पत्र भरने पर उन्हें सौर मित्र कैटेगरी स्मार्ट सिटी कंपनी रखेगी।

### सोलर पैनल लगाने के इच्छुक एप के माध्यम से करवा सकेंगे पंजीयन

स्मार्ट सिटी कंपनी के सीईओ दिव्यांक सिंह के मुताबिक, जो शहरवासी अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगवाना चाहते हैं, उनके लिए स्मार्ट सिटी द्वारा एक एप ह्यहर घर सोलरह्ण तैयार किया गया है। इसके अलावा पोर्टल् पर भी जानकारी उपलब्ध है। इस एप पर लोग पंजीयन करवा सकेंगे। उसके बाद स्मार्ट सिटी द्वारा अधिकृत एजेंसी व वेंडर के प्रतिनिधि संबंधित व्यक्ति के घर पहुंचेंगे और उन्हें सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने संबंधित जानकारी देंगे और प्रक्रिया पूरी करने में सहयोग करेंगे। इसके अलावा शासन से मिलने वाला अनुदान राशि का लाभ भी दिलवाया जाएगा। यदि बैंक ऋण की जरूरत होगी है तो उपलब्ध करवाएंगे।

# क्लॉथ मार्केट मर्चेंट एसोसिएशन के चुनाव

**21 पदों के लिए मतदान, 35 उम्मीदवारों ने जमकर किया प्रचार**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्रीमंत महाराजा तुकोजीराव क्लॉथ मार्केट मर्चेंट एसोसिएशन के चुनाव 6 फरवरी को कमेटी हॉल में होंगे। इसमें 21 कार्यकारिणी पद के लिए 35 उम्मीदवार मैदान में हैं। सोमवार को उम्मीदवारों ने जोरशोर से अपना प्रचार किया। उल्लेखनीय है कि संस्था के 850 सदस्य हैं, जिनमें से प्रत्येक मतदाता को 21 वोट डालना होगा। 7 फरवरी को वोट की गिनती होगी और इसी दिन शाम 5 बजे तक परिणाम आ सकते हैं।

गौरतलब है कि चुनाव में वर्तमान कार्यकारिणी के 20 सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं और 15 नए उम्मीदवार मैदान में हैं। सभी उम्मीदवार अपने-अपने स्तर पर वोट मांगते हैं, क्योंकि मार्केट में किसी भी प्रकार की पैनल नहीं होती है। वोट डालने के लिए कोई भी मान्य परिचय-पत्र लाना जरूरी है।

21 कार्यकारिणी चुनाव के बाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री कोषाध्यक्ष, दो संयुक्त मंत्री के पद पर नाम तय होते हैं। सामान्यतः सभी पदों की सवार्नुमति हो जाती है, लेकिन यदि किसी कारण से सवार्नुमति नहीं होती है तो वापस 850 व्यापारी वोट डालते हैं। कार्यकारिणी पद हेतु अरुण बाकलीवाल चुनाव लड़ रहे हैं। सभी व्यापारियों से उनके जीवंत संपर्क हैं।



# बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता में इंदौर के जूनियर एयर विंग के आयुष शिंदे को मिली आल इंडिया थर्ड रैंक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एनसीसी के इंदौर ग्रुप हेड क्वार्टर से 25 कैडेट्स इस बार गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हुए। यहां हुई अलग-अलग प्रतियोगिताओं में कैडेट्स ने जहां मैडल जीते, वहीं बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता में जूनियर एयर विंग के आयुष शिंदे ने आल इंडिया थर्ड रैंक में जगह बनाई। साथ ही 27 जनवरी को दिल्ली में आयोजित हुई प्रधानमंत्री रैली में कैडेट शुभम सिरसे और जीत मोदी ने प्रधानमंत्री को सलामी दी।**

एनसीसी अधिकारी निर्मल मेड़तवाल ने बताया कि मप्र-छत्तीसगढ़ के छह ग्रुप हेड क्वार्टर से 128 कैडेट्स ने एक महीने तक दिल्ली में रहकर यहां आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इसमें आर्मी, नेवी, एयर फोर्स और घुड़सवार विंग के कैडेट्स शामिल थे। दिल्ली में आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में बेस्ट कैडेट, कल्चर इवेंट, गार्ड आफ आनर, हार्स राइडिंग, लाइन एरिया, फ्लैग एरिया आदि शामिल थे।

### इन्होंने किया शानदार प्रदर्शन

बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता में इंदौर के जूनियर एयर विंग के कैडेट आयुश शिंदे को आल इंडिया थर्ड रैंक मिली। एनसीसी आरएनवी स्क्वार्डन महू के कैडेट राहुल बघेल को टेंट पेजिंग प्रतियोगिता में फर्स्ट पोजिशन मिली। कैडेट अंकित खर्ते को घुड़सवारी प्रतियोगिता में आल इंडिया लेवल पर सिल्वर मैडल मिला।

## मैराथन धावकों और नागरिकों का मंच लगाकर किया स्वागत

**इंदौर।** शहर में रविवार को आयोजित मैराथन दौड़ को ऐतिहासिक, भव्य और सार्थक बनाने में अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था श्री अग्रसेन महासभा ने भी अपने स्तर पर योगदान दिया। महासभा के अध्यक्ष जगदीश बाबाश्री एवं सचिव अखिलेश गोयल ने बताया कि मैराथन के स्वागत के लिए महासभा ने मेडिकल कॉलेज के पास मंच लगाकर धावकों एवं नागरिकों का स्वागत किया। इस मौके पर महासभा के पूर्व अध्यक्ष अरुण आष्टावाले, सीए एस.एन. गोयल, ओम अग्रवाल कौल, राजेश चौधरी, कैलाश नारायण बंसल, सतीश मंगल, विनोद नागोरी सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। धावकों के लिए चाय एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था भी रखी गई थी ।

## सौंफ में ऑइल केमिकल मिलाने के मामले में केस दर्ज

**इंदौर।** तीन माह पहले सौंफ में ऑइल पेंट का केमिकल (ग्रीन ऑक्साइड) मिलाकर बेचने के मामले में सोमवार को फर्म के संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामला 27 अक्टूबर 2023 का है। खाद्य विभाग ने नावदा पंथ स्थित अरिहंत ट्रेडर्स पर छापा मारा था। इस दौरान पाया कि यहां सौंफ में ग्रीन ऑक्साइड मिलाकर उसे हरी बनाकर बेचा जा रहा था। तब विभाग ने यहां से 73 किलो ग्रीन ऑक्साइड, 9 क्विंटल सौंफ सहित अन्य सामग्रियां जब्त की थी। इसके साथ ही सैंपल भोपाल लैब भेजे गए थे जिसकी रिपोर्ट हाल में आई है। उधर, सोमवार को टीएल बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने इस मामले में आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देश दिए गए थे। इस पर नावदा पंथ स्थित अरिहंत ट्रेडर्स के संचालक कमल जैन उर्फ कमल बाफना पिता बाबूलाल बाफना (65) के खिलाफ मिलावटी सौंफ का मानव उपभोग के लिए निर्माण व संग्रहण किए जाने के मामले में चंदन नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

## राज्यमंत्री श्री टेटवाल का दौरा कार्यक्रम

इन्दौर। कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री श्री गौतम टेटवाल 06 फरवरी को इंदौर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री टेटवाल इस दिन सुबह 08:20 बजे महू में स्थित डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेगें। वे सुबह 10:30 बजे महू उपजेल के पीछे महू गॉव में गुरूजी रविन्द्र शर्मा स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होगें। वे शाम 4:30 बजे इन्दौर आकर पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र वर्मा के निवास पहुँचेगे। श्री टेटवाल इसी दिन रात्री 08:00 बजे भोपाल के लिए रवाना होगे।

## पिता की हार्ट अटैक से मौत-बेटी का सुबह से 12 वीं बोर्ड का एग्जाम

### →परिवार ने ढांढस बंधाकर स्कूल भेजा

**इंदौर**। पलासिया में रहने वाले 50 साल के व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत हो गई। सुबह से बेटी का पेपर था। वह रात में एग्जाम की तैयारी कर रही थी। अचानक पिता की तबीयत बिगड़ गई। परिवार के लोग रात में अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां मौत हो गई। बेटी एग्जाम देने से इंकार कर रही थी। लेकिन परिवार के लोगों ने उसका ढांढ़स बंधाया। इसके बाद छावनी इलाके के स्कूल में पेपर देने के लिए भेजा गया। पलासिया पुलिस के मुताबिक रमेश (50) पिता श्रीनाथ बोरासी निवासी विनोबा नगर रात में खाना खाकर टहलने निकले। घर पहुंचकर कुछ देर बाद सो गए। लगभग 12 बजे उन्हें घबराहट हुई। परिवार के लोग उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रमेश एक माह से कनाडिय़ा इलाके के एक बंगले पर चौकीदारी का काम करते थे। पहले वह पुताई का काम करते थे।

मंगलवार सुबह से बेटी का 12वीं का एग्जाम है। रात में पिता की मौत की जानकारी लगने के बाद परिवार में माहौल गममीन है। बेटी पढ़ाई छोडक़र परिवार और दो बहनें कशिश-कनक को ढांढस बंधाने लगी। सुबह एग्जाम देने से भी इंकार कर रही थी। लेकिन परिवार के अन्य लोगों ने उसे हिम्मत दी। इसके बाद उसे स्कूल भेजा गया। परिवार के लोग अब अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे हैं।

**तीन बेटियां-** रमेश की तीन बेटियां है। 12वीं में पढऩे वाली कली सबसे बड़ी बेटी है। एक बेटी कनक 11वीं में है। जबकि सबसे छोटी वाली बेटी कशिश 6 क्लास में है। तीनों विनोबा नगर के सरकारी स्कूल में पढ़ाई करती हैं। रमेश का एक भाई भी है।

## सेवानिवृत्ति पर सम्मान कर भावपूर्ण विदाई दी



**इंदौर।** शहर की डॉक्टर सारा अतारी को सेवानिवृत्ति पर शासकीय कन्या महाविद्यालय रतलाम परिवार की ओर से शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं भावपूर्ण बिदाई दी गई। डॉ. सारा अतारी अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापक थी। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के साथ-साथ शासकीय महाविद्यालय मंदसौर, रामपुरा के स्टाफ के सदस्य एवं डॉ. अतारी के परिजन विशेष रूप से उपस्थित थे। प्राचार्य डॉक्टर आरके कटारे ने उनकी उल्लेखनीय सेवाओं को याद करते हुए सेवानिवृत्ति पर उज्वल भविष्य की कामनाएं की। नवंबर 2018 में डॉ. सारा को बेंगलूर में उनके महिला सशक्तिकरण रिसर्च पेपर पर भारत रत्न स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया था।

# इन्दौर जिले में राजस्व महा अभियान 29 फरवरी तक चलेगा

### महाअभियान में राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से हो रहा है निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार इन्दौर जिले में भी गत 15 जनवरी से राजस्व महाअभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान आगामी 29 फरवरी तक निरंतर चलेगा। इस अभियान में इन्दौर जिले में अभी तक 52 हजार किसानों की समग्र ई-केवायसी,नामांतरण, बंटवारा तथा सीमाकंन आदि के कार्य किए जा चुके हैं। यह अभियान राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इन्द्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। अभियान की गतिविधियों के संबंध में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने इस अभियान को प्रभावी एवं परिणाममूलक रूप से संचालित करने के निर्देश दिये हैं। बताया गया कि महाअभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है।

महाअभियान में राजस्व रिकॉर्ड का वाचन, समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग, आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराना, आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, उत्तराधिकार नामांकन, सीमांकन, नक्शे में तरमीम किया जा रहा है। राजस्व महाअभियान में राजस्व रिकॉर्ड के वाचन के लिये पटवारी पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार गाँव में खसरा, बी-1 का वाचन कर रहे हैं। समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग के लिये समग्र वेब पोर्टल एमपी ऑनलाइन/सीएसई के कियोस्क के माध्यम से समग्र में आधार की ई-केवाईसी कराने की सुविधा नागरिकों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराने के लिये नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये लोकसेवा केन्द्र के अतिरिक्त अब एमपी ऑनलाइन और सीएसई के कियोस्क के माध्यम से भी आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराये जा सकेंगे।

राजस्व अधिकारियों द्वारा 31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति में समय-सीमा पार कर चुके लंबित प्रकरणों को चिन्हांकित किया गया है और न्यायालय में नियमित सुनवाई आयोजित कर नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। उत्तराधिकार नामांतरण में स्पष्ट किया गया है कि रिकॉर्ड में दर्ज ऐसे भू-स्वामी, जिनकी मृत्यु काफी समय पहले हो चुकी है, परंतु उनके उत्तराधिकारियों के पक्ष में नामांतरण का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है, महाअभियान में प्राथमिकता से उत्तराधिकार नामांतरण के प्रकरणों को दर्ज कर निराकरण किया जाए। चिन्हित प्रकरणों की सीमांकन करने की कार्यवाही महाअभियान में की जा रही हैं। महाअभियान के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की जिला स्तर पर नियमित समीक्षा की जा रही है।

## जिस नाशता दुकान में आग लगी उसी पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बड़ा गणपति इलाके की एक होटल में सोमवार दोपहर गैस सिलेंडर रिसने के चलते आग लग गई। गैस की टंकी से अचानक भपकी आग में नजदीक ही फूल की दुकान पर बैठा मोहसीन जल गया। उसे उपचार के लिए एमवाय भेजा गया। पुलिसकर्मी मोहसीन के बयान लेने पहुंचे। हालत गंभीर होने के चलते बयान नहीं हो पाए। यहां रात 11 बजे उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने फूल दुकान मालिक की शिकायत पर नाश्ता दुकान संचालक के खिलाफ आगजनी का केस दर्ज किया है। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक कर्मचारी की मौत को लेकर इसमें धाराएं बढ़ाए जाएगी। पुलिस ने अब्दुल करीम निवासी नंदन नगर की शिकायत पर मौसा जलेबी के दुकान संचालक के खिलाफ सुरक्षा साधनों में लापरवाही बरतने और आगजनी के मामले में केस दर्ज किया है। अब्दुल ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी दुकान से सटी मौसा जलेबी वाला अपनी दुकान पर गैस सिलेंडर को असुरक्षित जला रहा था। बीमा भी नही था। भ_ी से अचानक सिलेंडर में आग लग गई। मेरी हार फूल की दुकान भी जल गई। मेरी दुकान में काम करने वाला कारीगर मोहसीन पिता युशूफ उर्फ अस्सू निवासी मल्हरगंज बुरी तरह से जल गया। दुकान के सामने खडी एक्टिवा नंबर भी जल गई। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक रात में मोहसीन ने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक अब उसकी मौत के बाद होटल संचालक के खिलाफ लापरवाही बरतने को लेकर भी केस दर्ज किया गया है।

# इंसानों से जानवरों जैसा सलूक भोपाल का बोलकर महाराष्ट्र ले गए

## हाड़तोड़ काम कराया, पैसे मांगने पर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर जिले के 40 लोगों को महाराष्ट्र के बीड़ और परभणी जिले से मुक्त कराया गया है। ठेकेदार इन्हें भोपाल में अच्छी मजदूरी का लालच देकर महाराष्ट्र ले गया था। 30 जनवरी को सभी को छुड़ाकर सागर के शाहगढ़ लाया गया। सभी मजदूर शाहगढ़ विकासखंड के ग्राम पापेट और रुरावन के रहने वाले हैं। इनमें महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हैं।**



### 12 से 15 घंटे काम कराते

कमलीबाई आदिवासी ने बताया कि वह लोग भोपाल से करीब 30 किमी दूर मजदूरी करने की बात बोलकर साथ ले गए थे, लेकिन हमें महाराष्ट्र ले गए। खाने के नाम पर बाजरा दिया। हमने बाजरा खाने के मना किया, तो 10 किलो गेहूं देने लगे। 12 से 15 घंटे काम कराने लगे। एक युवक ने काम से मना किया, तो उसे इतना पीटा कि पैर में घाव बन गया। उसके हाथ-पैर बांधकर रातभर कपास में डालकर रखा।

बाजार जाते थे, तो उनका एक आदमी साथ जाता था। यही नहीं शौच करने जाओ, तो ठेकेदार अपनी पत्नी को साथ भेजता था। लगने लगा था कि अब वापस घर नहीं लौट पाएंगे। बच्चों और परिवार से नहीं मिल पाएंगे। अब गांव लौटकर खुश हैं। अब दोबारा ऐसे लोगों के साथ मजदूरी करने नहीं जाएंगे।

### न खाने दिया और न सोने, सिर्फ काम कराया

जनकरानी आदिवासी ने बताया कि वहां बहुत दिक्कत में थे। हमेशा बच्चों की चिंता रहती थी। काम पर नहीं जाओ, तो वह मारपीट करते थे। जबरदस्ती गन्ना कटाई के लिए ले जाते थे। सुबह 7 बजे से काम शुरू करते थे। रात के 10 बज जाते थे। वापस लौटते तो रात हो जाती थी।

### ऐसे मुक्त कराए गए सभी मजदूर

गांव के अनरत आदिवासी ने बताया कि 40 आदिवासी मजदूरी करने महाराष्ट्र गए थे। करीब एक महीने काम किया। फिर परेशान किया जाने लगा। उन्होंने गांव में मुझसे संपर्क किया। पूरी आपबीती बताई। जानकारी मिलते ही मैंने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। शिकायत पर अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू की।

कलेक्टर दीपक आर्य ने सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग को निर्देश दिए। सिटी मजिस्ट्रेट ने महाराष्ट्र पुलिस से संपर्क किया। इसके अलावा, सागर और महाराष्ट्र में जन साहस व विकास मंडल संस्था के सदस्यों का सहयोग लिया। इसके बाद मजदूरों को मुक्त कराकर महाराष्ट्र से सागर लाया गया। इनमें बच्चे भी शामिल हैं।

# रनिंग करते हुए गिरा 17 साल का लड़का, मौत

## →साइलेंट अटैक की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम में रनिंग करते समय 17 साल का लड़का अचानक गिर गया। दोस्त उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर इसे साइलेंट अटैक मानकर चल रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से वह आर्मी में जाने के लिए दौड़ने जा रहा था।



घटना सोमवार सुबह आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज के खेल ग्राउंड की है। बालाजी नगर में रहने वाला आशुतोष (17) पिता राधेश्याम कुमावत 5 से 6 दिन से लगातार ग्राउंड पर रनिंग करने जा रहा था। हर रोज की तरह सोमवार सुबह 5.30 बजे वह घर से अपने दोस्त निलेश के साथ वहां पहुंचा। यहां रनिंग करते हुए वह अचेत होकर गिर पड़ा।

### दोस्त अस्पताल लेकर पहुंचे, नहीं बची जान

आशुतोष के नीचे गिरने पर दोस्त व अन्य लोग उसे सुबह 6 बजे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। ड्यूटी पर मौजूद डॉ. पीयूष धवन ने उसके स्वास्थ्य की जांच की। सीपीआर भी दिया। परिजनों को सूचना मिलने पर वे भी अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बेटे की मौत से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### डॉक्टर ने कहा-ग्राउंड पर ही हो गई थी मौत

सिविल सर्जन डॉ. एमएस सागर ने बताया सुबह 6 बजे के आसपास रनिंग करने के बाद चक्कर आने के बाद किशोर गिरा था। जब हॉस्पिटल लेकर आए वह डेड अवस्था में था। सीपीआर भी दी गई थी। परिजन पोस्टमार्टम नहीं करना चाहते थे। अभी लगातार 30 साल से कम उम्र के लोगों को अटैक आ रहा है।

# पर्यटकों ने किया बाघिन का दीदार

## तालाब में पानी पीते दिख रोमांचित हुए लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरिया।** बाघों के लिए विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघिन तारा को देख पर्यटक रोमांचित हो गए। बाघिन तारा खितौली जोन के जंगल में सैर करती हुई पर्यटकों के कैमरे में कैद हुई है। पर्यटक रविवार को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली जोन में सफारी में जंगल की सैर कर कर रहे थे और प्राकृतिक सुंदरता, वन व वन्य प्राणियों का आनंद ले रहे थे।

तभी बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की खितौली जोन की प्रसिद्ध बाघिन तारा पर्यटकों को दिखाई दी और बहुत समय तक पर्यटकों के सामने ही सैर करती रही। पर्यटक भी तारा को देखकर रोमांचित हो गए। वहीं बाघिन तारा रविवार को पथरीले रास्ते से होकर जंगल में बने तालाब में पानी पीने चली गई।

जानकारी के अनुसार बाघिन तारा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की प्रसिद्ध बाघिन है और पर्यटक तारा के दीदार के लिए घंटों जंगल में सैर करते रहते हैं। बाघिन तारा का व्यवहार पर्यटकों से काफी फ्रेंडली है।

# 108 की तर्ज पर चलेंगी एयर एंबुलेंस

## विमानन विभाग जल्द बुलाएगा टेंडर, हवाई पट्टियां भी सुधारी जाएंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में गंभीर मरीजों को एयर लिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस की तर्ज पर एयर एंबुलेंस मुहैया कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विमानन विभाग को संबंधित प्रस्ताव तैयार करने और टेंडर बुलाने के निर्देश दिए हैं। इसके मद्देनजर जिलों में हवाई पट्टियों को दुरुस्त करने का काम भी किया जाएगा।

सीएम डॉ. यादव ने सोमवार को विमानन विभाग के अफसरों से कहा, ह्यप्रदेश में एक एयर एंबुलेंस हर समय तैयार रहे। यह गंभीर मरीजों को एक जिले से दूसरे जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ पहुंचाने का काम करेगी। इससे उन लोगों को भी सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा, जो इनसे वंचित रह जाते हैं।



**तय हो रहे नियम और शर्तें-** विमानन विभाग के सचिव चंद्रमौलि शुक्ला ने बताया कि 108 सेवा की तरह एयर एंबुलेंस शुरू करने के लिए काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए जल्द ही टेंडर बुलाए जाएंगे। नियम और शर्तों को शासन की मंजूरी मिलते ही सेवा शुरू की जाएगी।

**एयर एंबुलेंस पर डेढ़ से ढाई लाख का खर्च-** एयर एंबुलेंस का खर्च विमान, तय दूरी, मरीज की चिकित्सा स्थिति और अन्य आधार पर अलग-अलग होता है। आम तौर पर इस सेवा की लागत डेढ़ से ढाई लाख रुपए तक होती है। इसके किराये में उड़ान की लागत, चिकित्सा कर्मचारी, उपकरण और अन्य संबंधित खर्च शामिल हो सकते हैं। पायलट और विमान संचालन की लागत भी इसके अंदर लाई जाएगी।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 1.85 करोड़ की ठगी

## →एआई का इस्तेमाल कर तैयार किए फर्जी ट्रेडिंग अकाउंट, भोपाल में ऐसा पहला केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल के एक व्यक्ति से साइबर जालसाज ने 1.85 करोड़ रुपए की ठगी कर ली। आरोपियों ने प्रतिष्ठित कंपनियों के फर्जी स्टाक शेयर मार्केट ट्रेडिंग अकाउंट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से तैयार कर किए हैं। वे सोशल साइट पर इनमें इन्वेस्टमेंट कराने का झांसा देकर ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं।

राजधानी में इस तरह की ठगी का यह पहला मामला बताया जा रहा है। साइबर पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद 419, 420 भादंवि 66 (सी), 66 (डी) आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। ठगी को 7 नवंबर 2023 से 14 जनवरी 2024 के बीच अंजाम दिया गया है।

**ऐसे भरोसे में लेते हैं आरोपी-** कुछ ही दिनों में उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। उन्हें बताया गया कि इंद्रा सिक्योरिटीज के कस्टमर केयर से बात कर रहे हैं। बाद में उन्हें एक अन्य वाट्सएप ग्रुप जॉइन करने को कहा गया। कुछ समय बाद में उन्हें लिंक भेजकर टेलीग्राम ग्रुप को जॉइन कराया गया। इस ग्रुप को इंडिया सिक्योरिटीज का बताया गया। भरोसे में लेने के लिए इस ग्रुप में इंडिया सिक्योरिटी के डायरेक्टर की असल फोटो के साथ कंपनी का डिस्क्रिप्शन लिखा था। फरियादी ने भरोसे में आने के बाद कंपनी के शेयर में निवेश करना शुरू किया।

**छोटे निवेश में मिले अच्छे रिटर्न-** कई छोटे निवेशों में अच्छे रिटर्न मिले तो जिंदगी भर की जमा पूंजी एक करोड़ रुपए सहित 85 लाख रुपए का कर्ज लेकर निवेश कर दिया। इसके बाद शेयर की सेल से रोका जाने लगा। संदेह हुआ तो ग्रुप मेंबर्स से बातचीत करना शुरू की। एडमिन ने जवाब देना बंद कर दिया। तब ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद मामले की शिकायत कर दी। 19 जनवरी को की गई इस शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। अब तक की जांच में यह साफ हो चुका है कि पूरी वारदात को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से कंपनी की फेक प्रोफाइल तैयार कर अंजाम दिया है।

भोपाल में अब ऑन लाइन धोखाधड़ी के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान 10 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि बुधवार को इसी तरह के करीब 9 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि 48 घंटे के दौरान 20 से ज्यादा मामले दर्ज हो चुके हैं।

# कमलनाथ ने 4 करोड़ राम नाम पत्रक अयोध्या भेजे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने चार करोड़ 30 लाख राम नाम पत्रकों का पूजन कर अयोध्या के लिए रवाना किया। छिंदवाड़ा में अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर कांग्रेस और मारुति नंदन सेवा समिति ने राम नाम पत्रक लेखन शुरू किया था। इसमें चार करोड़ 30 लाख राम नाम पत्रक भरे गए थे। इन्हें सोमवार को अयोध्या के श्री राम मंदिर के लिए रवाना किया गया। पत्रकों की पूजन पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और सांसद नकुलनाथ ने की। आपको बता दे की अयोध्या में जब प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी, उसी समय छिंदवाड़ा में कांग्रेस द्वारा विशेष रूप से राम नाम पत्र को भरने का कार्यक्रम शुरू किया गया था। 4 करोड़ 30 लाख राम नाम पत्रक अयोध्या में विसर्जित किए जाएंगे। पहले इन पत्रक को प्रभु श्री राम के चरणों में अर्पित किया जाएगा उसके बाद इनका विसर्जन होगा। सांसद नकुलनाथ में लोगों से अयोध्या जाने की अपील की है। चौरई के सिरेगांव में आयोजित राम चरितमानस सम्मेलन के दौरान नकुलनाथ ने कहा कि मैं आप सभी श्रद्धालु भक्तों से आग्रह करना चाहता हूं कि आप जल्द से जल्द अयोध्या जाएं और प्रभु श्री राम के दर्शन करें। उन्होंने कहा कि हम पर हमेशा विपक्षी पार्टी धार्मिक ना होने का आरोप लगाते हैं, लेकिन हम आपको बता दें कि 12 साल पहले हमने सिमरिया में सबसे बड़ा विशाल हनुमान मंदिर बनाया है।

New Delhi

# ED Raid: CM केजरीवाल के PS बिभव और सांसद एनडी गुप्ता समेत कई AAP नेताओं के घर ED की रेड, जल बोर्ड में भ्रष्टाचार मामले में एक्शन

**नई दिल्ली.** दिल्ली में आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ED) की रेड हुई है. जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार और राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता के घर पर ईडी छापेमारी कर रही है. दिल्ली जल बोर्ड में भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने एक्शन लिया है.

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार और आम आदमी पार्टी से जुड़े अन्य लोगों के ठिकानों की छापेमारी की है. उन्होंने बताया कि दिल्ली के करीब 12 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है.




न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार और दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार के अलावा कुछ अन्य नेताओं के ठिकानों पर ईडी की रेड चल रही है.

केंद्रीय एजेंसी दिल्ली जल बोर्ड की टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं की जांच कर रही है. सीबीआई और दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (ACB) की एफआईआर के आधार पर ईडी के कार्रवाई कर रही है.

सीबीआई की एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने इलेक्ट्रोमैग्नेटिक मीटरों की आपूर्ति, उन्हें लगाने, टेस्टिंग और कमीशनिंग के लिए टेंडर देते समय एक कंपनी को लाभ पहुंचाया.

Maharashtra

## उद्धव ठाकरे ने छोड़ा साथ, तो मुश्किल में आ जाएगा 'हाथ'? अब महाराष्ट्र में सुगबुगाहट



**मुंबई, (एजेंसी)** शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए बदले सुर ने महाराष्ट्र की राजनीति से लेकर देश की राजनीति तक अटकलों का नया दौर शुरू हो गया है। इससे जहां विपक्षी गठबंधन INDIA में संशय पैदा हुआ है, वहीं भाजपा नेताओं ने भी दबे सुर कहना शुरू कर दिया है कि राजनीति में दरवाजे कभी बंद नहीं होते हैं।

विपक्षी गठबंधन के दो बड़े मजबूत माने जाने वाले राज्य बिहार और महाराष्ट्र की राजनीति में बड़े बदलाव दिखने लगे हैं। बिहार में तो नीतीश कुमार ने राजग में आकर 'INDIA' को करारा झटका दिया ही है, अब महाराष्ट्र में भी वैसी ही सुगबुगाहट है?

उद्धव ठाकरे ने एक दिन पहले एक रैली में कहा कि वह मोदी को बताना चाहते हैं कि हम कभी आपके दुश्मन नहीं थे। आज भी दुश्मन नहीं है। वह और शिवसेना उनके साथ थी। हमने पिछली बार अपने गठबंधन के लिए प्रचार किया था। आप प्रधानमंत्री बने। बाद में आपने हमें खुद से दूर कर दिया। हमारा हिंदुत्व और भगवा ध्वज आज भी कायम है।

ठाकरे का यह बयान उस समय आया है जबकि लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी गठबंधन 'INDIA' दरक रहा है और भाजपा नए पुराने साथियों को जोड़ रही है। महाराष्ट्र में भाजपा ने दो दलों शिवसेना और एनसीपी को तोड़कर अपने साथ लिया है।

Gujrat

## 'मैं भी तेरी सेवा करने आ रही हूं...,' बीमारी से जवान पोते की मौत हुई तो सदमे में आईं दादी ने त्यागी देह

**नवसारी, (एजेंसी)** गुजरात के नवसारी में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां जवान पोते की मौत की खबर सुनते ही बुजुर्ग दादी गहरे सदमे में आ गईं और कुछ ही देर में उनकी भी मौत हो गई. दादी के आखिरी शब्दों को यादकर हर कोई भावुक हो रहा है. परिजन का कहना है कि दादी ने जब पोते के मरने की खबर सुनी तो वो रोने लगीं और बोलीं- 'मैं तेरी सेवा करने के लिए पास आ रही हूं.' उसके बाद उन्होंने आंखें बंद कर लीं.

मामला नवसारी जिले का है. यहां विजलपोर पालिका में कॉरपोरेटर और पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अश्विन कसुंदरा लंबे समय से बीमार चल रहे थे. 5 फरवरी की शाम अश्विन की मौत हो गई. मोरबी में दादी लक्ष्मीबेन अपने गांव में रहती थीं. पोते की मौत की खबर दादी लक्ष्मीबेन को मिली तो वो सदमे में आ गईं. दादी ने कहा , बेटा मैं तेरी सेवा करने आ रही हूं और वहीं पर उन्होंने भी अपने प्राण त्याग दिये. परिजन बताते हैं कि दादी लक्ष्मीबेन बुजुर्ग थीं. अश्विन कासुंदरा की मौत के बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया.

Uttarakhand

## पहाड़ों पर बारिश के साथ बर्फबारी, कश्मीर में हिमस्खलन की चेतावनी

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** उत्तर पश्चिम और निकटवर्ती मध्य और पूर्वोत्तर भारत के हिमालयी राज्यों में सोमवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। इस दौरान पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बारिश के साथ भीषण बर्फबारी भी हुई। कुछ जगहों पर ओले भी गिरे। कश्मीर में हिमस्खलन की चेतावनी दी गई है। पंजाब, हरियाणा, पूर्वी राजस्थान, बिहार और बंगाल समेत ज्यादातर मैदानी राज्यों में सुबह के समय कोहरा छाया रहा। हालांकि, मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार से धूप खिलेगी और दिन में आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय कोहरे की स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार आएगा और न्यूनतम तापमान में भी क्रमशः वृद्धि होगी। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर भारत और उसके लगते मध्य भारत के ज्यादातर क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है और यह 10-14 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है। यह सामान्य से 2-4 डिग्री ऊपर है। सुबह 5:30 बजे से 8:30 बजे के बीच पंजाब, उत्तर पश्चिम राजस्थान के अलग-अलग स्थानों में घना से बहुत घना कोहरा देखा गया। इस दौरान पूर्वोत्तर के अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर और मिजोरम में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्य बारिश हुई और ओले गिरे।



खेल

# बुमराह ने रचा इतिहास, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 100+ विकेट लेने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में जबरदस्त वापसी करते हुए दूसरा मुकाबला 106 रन से अपने नाम किया। विशाखापत्तनम में खेले गए दूसरे टेस्ट में जसप्रीत बुमराह का कहर देखने को मिला। पहली पारी में तो उनकी गेंद को इंग्लिश बल्लेबाज समझ ही नहीं पाए, जबकि दूसरी पारी में वह और रविचंद्रन अश्विन टीम इंडिया की जीत के असली हीरो रहे। बुमराह ने विशाखापत्तनम टेस्ट की पहली पारी में छह और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। इसी के साथ इस स्टार भारतीय तेज गेंदबाज ने एक खास मुकाम भी हासिल किया।




वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, जो कि 2019 में शुरू हुआ था, उसमें 100 से ज्यादा विकेट लेने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज और ओवरऑल दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उनसे आगे सिर्फ अश्विन हैं, जिनके नाम इस प्रतियोगिता में 157 विकेट हैं। पहली पारी में छठा विकेट लेते ही बुमराह ने खास मुकाम हासिल किया। फिलहाल उनके नाम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 24 मैचों में कुल 106 विकेट हैं। वह इस प्रतियोगिता में 100+ विकेट लेने वाले कुल मिलाकर नौवें गेंदबाज हैं। वहीं, तेज गेंदबाजों में वह सातवें हैं। उनसे पहले पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, स्टुअर्ट ब्रॉड, कगिसो रबाडा, टिम साउदी और जेम्स एंडरसन यह मुकाम हासिल कर चुके हैं। इसके अलावा दो स्पिनर नाथन लियोन और अश्विन हैं। लियोन डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में शीर्ष पर हैं। उनके नाम 174 विकेट हैं।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में बुमराह के 100वें शिकार जॉनी बेयरस्टो रहे। इतना ही बुमराह के टेस्ट में 150 विकेट भी पूरे हो गए हैं और वह इस मुकाम को छूने के लिए भारतीय तेज गेंदबाजों में सबसे कम समय लिया है। बुमराह के नाम टेस्ट में ओवरऑल 34 टेस्ट में 155 विकेट हैं और 27 रन देकर छह विकेट पारी में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। उन्हें विशाखापत्तनम टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी दिया गया। मैच के बाद उन्होंने कहा मैं आंकड़ों पर ध्यान नहीं देता। एक युवा के रूप में मैंने यह सब किया किया था और इसने मुझे उत्साहित किया था, लेकिन अब यह एक अतिरिक्त बोझ है। एक युवा खिलाड़ी के रूप में यॉर्कर पहली गेंद है जिसे मैंने सीखा है। मैंने कई खेल के दिग्गजों को यॉर्कर का इस्तेमाल करते देखा था। चाहे वह वकार, वसीम और यहां तक कि जहीर खान भी हों।

बुमराह ने कहा- हम बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं इसलिए मुझे लगता है कि यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं उनकी (नए खिलाड़ियों की) हर संभव मदद कर सकूं। हम कुछ चीजों पर चर्चा करते हैं। मैं लंबे समय से उनके (रोहित) साथ खेल रहा हूं। एंडरसन के साथ मैच में अपनी प्रतिस्पर्धा पर बुमराह ने कहा- ऐसा कुछ नहीं है। एक क्रिकेटर होने से पहले मैं तेज गेंदबाजी का फैन हूं। यदि कोई अच्छा कर रहा है, तो उन्हें बधाई मिलनी चाहिए।

सिनेमा

## एटली की 'बेबी जॉन' का टीजर देख फैंस के रोंगटे खड़े, वरुण धवन का दिखा इंटेंस लुक, 'जवान' जैसी मिलेगी सक्सेस?



2023 में आई एटली की फिल्म जवान ने बॉक्स ऑफिस पर क्या धमाल मचाया था, ये किसी से छिपा नहीं है. 2024 में एक बार फिर वो धूम मचाने को तैयार हैं. इस बार एटली के हीरो हैं वरुण धवन. मूवी का नाम है बेबी जॉन. फिल्म की पहली झलक आपका दिन बना देगी. एक्टर का इंटेंस अवतार टीजर में देखने को मिलता है.

लीड एक्टर्स हैं वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी. बेबी जॉन को साल की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर बताया जा रहा है. वरुण का मूवी में एक्शन अवतार दिखेगा. वो अपने दुश्मनों के छक्के छुड़ाते हुए दिखेंगे. टीजर वीडियो में वरुण किसी सिंहासन पर बैठे हैं. उनके चारों तरफ बंदूकें हैं. जंग शुरू हो चुकी है. बीच में कई ट्रेडिशनल डांसर्स की झलक देखने को मिलती है. आखिरी सीन में वरुण एक्शन मोड में नजर आते हैं.

बेबी जॉन का टीजर देखने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट हाई हो चुकी है. यूजर्स का कहना है उनके रोंगटे खड़े हो गए हैं. वरुण के स्वैग पर फैंस अपना दिल हार रहे हैं. एक्टर को लोगों ने सुपर्ब बताते हुए उनकी तारीफ की है.

# संपादकीय

## दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

जब हमने 1950 में अपने संविधान को अपनाया, तब दुनिया दूसरे विश्वयुद्ध और उपनिवेशवाद के परिणामों से निपट रही थी। उस समय देश गरीबी और औपनिवेशिक शोषण के गहरे घाव झेल रहा था। कई पर्यवेक्षक तो यहां तक कहते थे कि भारत में लोकतंत्र ज्यादा दिनों तक कायम नहीं रहेगा, लेकिन आज हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है। सामाजिक-आर्थिक विकास और राजनीतिक शक्ति निचले तबके के 40 फीसदी लोगों सहित समाज के हर वर्ग में पहुंचा है। 1991 में हुए आर्थिक उदारीकरण के चलते आर्थिक विकास की गति तीव्र हुई है, जो वित्त वर्ष 1991 के 5.32 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 296.57 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। यानी 33 वर्षों में 13 फीसदी की संचयी वार्षिक विकास दर! यह भारतीय इतिहास की एक अनूठी उपलब्धि है। इस दशक में आधारभूत ढांचे के विकास पर खर्च में भारी बढ़ोतरी, वित्तीय क्षेत्र में बचत एवं निवेश में वृद्धि, विनिर्माण एवं उत्पादन में वृद्धि और बहुत बड़ी आबादी का तकनीकी आधारित समावेश पहल विकास को गति दे रही है। भारत अब नॉमिनल जीडीपी के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। हमारी उपलब्धियां जहां हमें अब तक की यात्रा के बारे में बताती हैं, वहीं कमियां आगे की चुनौतियों का पता देती हैं। हमारी सबसे बड़ी कमियों में से एक है न्याय की कमी, जो आबादी के एक बड़े हिस्से को देर से मिलता है। एक अनुमान के मुताबिक, ढाई लाख विचाराधीन कैदी जेलों में बंद हैं, जो अदालतों के फैसले का इंतजार कर रहे हैं और जिन आरोपों में वे जेल में बंद हैं, उनकी अधिकतम सजा का आधे से ज्यादा हिस्सा उन्होंने जेल में बिता दिया है। कई ऐसे भी मामले हैं, जिनमें निर्दोष लोग 15-20 वर्षों तक जेलों में बंद रहे और फिर सबूतों के अभाव में रिहा हो गए। न्याय प्रणाली द्वारा मुकदमा चलाने की धीमी गति के कारण भ्रष्ट राजनेता अपनी कपटपूर्ण गतिविधियों को जारी रखने में सक्षम हैं। ऐसे में न्याय क्षमता का निर्माण तेजी से होना चाहिए, खासकर निचली अदालतों में। भारत में प्रति दस लाख की आबादी पर मुश्किल से 21 जज हैं, जबकि 100 जज होने चाहिए। न्याय एक सभ्य समाज का आधार है, और भारत को तुरंत इस आधार का सशक्तीकरण सुनिश्चित करना चाहिए। समान नागरिक संहिता और इस तरह के अन्य कानून की कमी देश को धर्म और जाति में बांट रही है। 75 वर्षों से ज्यादा समय से आरक्षण यह सुनिश्चित करने का साधन रहा है कि सभी समूहों को समान अवसर मिले। हालांकि आरक्षण ने निश्चित रूप से बहिष्कृत समाजों की भागीदारी और समावेशन बढ़ाने का काम किया है, लेकिन निर्विवाद रूप से क्रीमी लेयर का उदय आरक्षण के लाभों पर हावी है। इसके अलावा, समान नागरिक संहिता का न होना, निश्चित रूप से समाज के कुछ समूहों पर अन्यायपूर्ण प्रभाव डाल रहा है, जैसे मुस्लिम महिलाएं, जो आबादी का आठ प्रतिशत हैं। संविधान में अंतर्निहित समानता के वादे में पूर्ण लैंगिक समानता भी शामिल होनी चाहिए। हिंदू महिलाओं को अपने पुरुष समकक्षों की तरह अधिकांश अधिकार प्राप्त हैं, जबकि अलग धार्मिक कानून की वजह से मुस्लिम महिलाओं को वह लाभ नहीं मिलता, जिसका फायदा अनुचित रूप से मुस्लिम पुरुष उठाते हैं। समान नागरिक संहिता, जो लिंग, धर्म और जाति की परवाह किए बिना सभी नागरिकों से समान व्यवहार करे, इस वक्त की जरूरत है। पुलिस सुधार भी एक और तात्कालिक जरूरत है। ऐसा लगता है कि पुलिस बल अब भी अपने औपनिवेशिक साम्राज्यवादी मूल्यों से मजबूती से जुड़े हुए हैं। पुलिस बर्बरता के कई मामले सामने आए हैं, मसलन, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों पर लाठीचार्ज या जेलों में विचाराधीन कैदियों की पिटाई। पुलिस सुधार, जो अनिवार्य रूप से नागरिकों की सुरक्षा और कानून के राज पर केंद्रित है, बेहद महत्वपूर्ण विषय है, और ऐसा करने पर समाज में पुलिस का सम्मान बढ़ेगा और यह हमारे समृद्ध लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण होगा।

### Quote...

"Life is a succession of lessons which must be lived to be understood."

-Ralph Waldo Emerson

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

सबके लिए आपका बोध ही काम करता हो... और फिर भी कोई आपका विरोध करे.... तो उसको

ॐ इग्नोराय नमः ...

ॐ इग्नोराय नमः ...

ॐ इग्नोराय नमः ....

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

Relationship

# माफी मांगना लगता है मुश्किल

## तो ये बातें जरूर याद रखें, रिश्ते नहीं बिगड़ेंगे




गलती हर इंसान से होती है लेकिन सफल इंसान वो है जो अपनी गलतियों को मानता है और माफी मांगता है। लेकिन जीवन का ये सबसे सफल फार्मूला अक्सर लोगों को कठिन लगता है। अपनी गलती की माफी मांगना बहुत कम लोगों को ही आता है। दरअसल, जब तक आप गलती होने पर इन बातों को नहीं महसूस करेंगे। माफी मांगना मुश्किल रहता है। इसलिए इन बातों को हमेशा याद रखें।

### माफी क्यों मांगना

सबसे पहले ये जानना जरूरी है कि माफी क्यों मांग रहे हैं। अगर आपने गलती की है तो बेझिझक गलती को माने और माफी मांगे। खुद की गलती पर माफी मांगने से आपके लिए सामने वाले के मन में पॉजिटिव असर पड़ता है और उसके मन में रिस्पेक्ट भी बढ़ जाती है।

### कैसे शुरू करें माफी मांगना

माफी मांगने के लिए अगर आप बातें शुरू नहीं कर पा रहे हैं तो आई एम सॉरी के साथ बातें शुरू करें। इससे माफी मांगना आसान हो जाता है।

### माफी मांगने का तरीका सही रखें

अगर आपका इरादा माफी मांगने का नही है लेकिन आपको लगता है कि गलती है तो माफी मांगनी है तो हमेशा अपने एक्शन पर ध्यान दें। माफी मांगने का तरीका सही होना चाहिए।

### क्षतिपूर्ति के लिए तैयार रहें

अगर आपसे गलती हुई है तो मांफी मांगते वक्त हरजाने की भरपाई करने के लिए तैयार रहें। हमेशा ध्यान रखें कि क्षतिपूर्ति करने से माफी ज्यादा इफेक्टिव हो जाती है।

### ओवररिएक्ट ना करें

माफी मांगते समय संयत रहें। बहुत ज्यादा गिड़गिड़ाने की या फिर इमोशनल होने की जरूरत नही है।

### माफी की मांग करें

हमेशा माफ करने की बात करें। इससे सामने वाले पर आपका पॉजिटिव असर पड़ेगा और माफी मिलनी आसान हो जाएगी।

## Highlights

1. **As told to Parliament: 110 million farmers got PM-Kisan benefits**
2. **Karnataka Govt Sets Up Panel to Investigate KEONICS Irregularities**
3. **Rs 1 crore penalty, 10 years jail for cheating proposed by Govt**
4. **UP Govt will give free laptops/ tablets worth Rs 4000 crore**
5. **Deputy CM Brajesh Pathak orders transfer of medical officer in UP**

# Paytm stock gains 5%: Can it recover completely? Is the worst over?

**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of Paytm gained 5 percent on February 6 after it was locked in a lower circuit for three straight sessions following RBI's restrictions on its payments bank business. RBI barred Paytm Payments bank from accepting new deposits and conducting credit transactions after February 29.

At 9.40 am, Paytm was trading at ₹466. On February 5, the stock of Paytm parent One97 Communications closed 10 per cent down. The shares have lost a massive 41 per cent now in the last four trading sessions from ₹761.4.



Discover the thrill of cricket like never before, exclusively on HT. Explore now!

This comes as traders' body Confederation of All India Traders (CAIT) issued an advisory urging businesses to shift to alternative payment applications. "The RBI has imposed certain restrictions, prompting CAIT to recommend that users take proactive measures to protect their funds and ensure uninterrupted financial transactions. Large number of small traders, vendors, hawkers and women are making payments through Paytm and, as such, RBI restrictions on Paytm could lead to financial disruptions for these people," CAIT noted.

# Juniper Hotels' ₹1800 crore-IPO gets SEBI approval: All you need to know

**NEW DEIHI, (Agency).** Juniper Hotels, an affiliate of global hospitality entity, Hyatt Hotels Corporation, received Securities and Exchange Board of India's (SEBI) approval to raise ₹1,800 crore through an initial public offering (IPO). The company, which is co-owned by Saraf Hotels Limited and Two Seas Holdings Limited, had filed preliminary IPO papers with SEBI in September last year.




Juniper Hotels IPO: What does it comprise of?

The IPO will entirely be a fresh issue of equity shares with no Offer for Sale (OFS) component.

Discover the thrill of cricket like never before, exclusively on HT. Explore now!

Juniper Hotels IPO: What are company's plans for using proceeds?

Read more: Planning to buy a smartphone? It could cost you more from June because…

The company said that majority of the funds from the IPO will be used towards repayment, prepayment, or redemption, in full or in part, of certain outstanding borrowings availed by the company and its subsidiaries.

Juniper Hotels IPO: Will there be issue of equity shares?

The company may consider a further issue of equity shares on a private placement for cash consideration aggregating up to ₹350 crore. In this case, the fresh issue size will be reduced.

Juniper Hotels IPO: What you need to know about the company

Juniper Hotels- a luxury hotel development and ownership enterprise- owns 20% of the total 1,836 Hyatt affiliated hotel keys in India as of June 202. The company has a diverse portfolio consisting of seven hotels and serviced apartments across various categories.



Zakir Hussain Adn Shankar Mahadevan's Fusion Band 'Shakti' Bagged the Grammy's award for 'Best Global Music Album'. The award was for their latest album 'This Moment'.

# सेंट्रल जेल में कैदी की मौत

## सिरफिरे ने एकतरफा प्रेम में की थी युवती की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सेंट्रल जेल में बंद 29 साल के कैदी की मौत हो गई। मौत से पहले वह खून की उल्टी कर रहा था। जानकारी के बाद सोमवार को जेल प्रशासन उसे एमवाय में भर्ती किया। यहां देर रात उसने दम तोड़ दिया।**

मृतक हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में बंद था। 2018 में उसने एक युवती पर 38 बार से भी अधिक चाकू से गोदा था। युवती की मौत हो गई थी। आरोपी युवती से एकतरफा प्यार करता था। दोनों शहडोल के रहने वाले थे।

एमजी रोड थाना पुलिस का कहना है कि कैदी कमलेश (29) पुत्र साबूलाल साहू निवासी शिवकुटी अपार्टमेंट काछी मोहल्ला की एमवाय अस्पताल में मौत हुई है। कमलेश यहां सितंबर 2018 से विचारधीन कैदी था। जेल प्रशासन के मुताबिक डॉक्टरों ने भर्ती कराने पर बताया कि कमलेश के गले के भीतर कटने जैसे निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सोशल मीडिया से हुआ था प्यार

सुप्रिया और कमलेश साथ में पढ़ते थे। 2018 में इंदौर आने के बाद कमलेश हमेशा सुप्रिया की लोकेशन देखता रहता। सोशल मीडिया से ऑफिस और घर का पता निकालने के बाद कई बार सुप्रिया से बात करने की कोशिश की। फिर प्रपोज किया। सुप्रिया ने उसे ब्लॉक कर दिया। सुप्रिया के इस व्यवहार से कमलेश ने उसकी हत्या की साजिश रची। दुकान पर चाकू खरीदने पहुंचा। यहां सडक़ किनारे बैठे सिकलीगर से दंराता भी खरीदा। आफिस से घर जाते समय सुप्रिया पर एक के बाद एक लगभग 38 से भी ज्यादा वार किया। लोग काफी देर तक तमाशाबीन बने रहे। बाद में सुप्रिया को अस्पताल भेजा। यहां उसकी मौत हो गई।

### अकाउंटेंट थी सुप्रिया

सुप्रिया अंकाउटेंट का काम करती थी। दोनों दमोह जिले के नवोदय स्कूल में साथ में पढ़ाई किए थे। कमलेश पहले सुप्रिया के सामने जान देने की कोशिश की थी। सुप्रिया को उसका सनकी व्यववहार पंसद नहीं था। इसलिए वह हमेशा पीछे हटती थी। कमलेश को शक था कि सोशल साईट्स पर सुप्रिया अन्य लडक़ों से बात करती है। इस हत्याकांड में आरोपी को तत्कालीन टीआई तहजीब काजी और उनकी टीम ने गिरफ्तार किया था।

# टेंट व्यवसायी के घर में घुसे चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र के एक टेंट दुकान पर काम करने वाले नौकर पर टेंट मालिक के घर में चोरी करने का आरोप लगा है। टेंट मालिक ने पुलिस से शिकायत में बताया कि घर से करीब सवा चार लाख रुपए नकद और आभूषण चोरी हुए हैं।**

पुलिस ने बताया कि फरियादी अक्षय पिता दिलीप यादव (29) निवासी इंडस टाउन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शनिवार-रविवार की दरमियानी रात उनके घर में चोरी हो गई। उनकी टेंट दुकान का नौकर शौकर अली निवासी धार मकान के अंदर घुसा। के लॉकर से काले रंग के बैग के अंदर रखे 2 लाख 85 हजार रुपए, पैंट के अंदर जेब में रखे पर्स से एक लाख 30 हजार रुपए यानी कुल 4 लाख 15 हजार रुपए नकदी चुरा लिए। इसके अलावा सोने की झुमकी, मंगलसूत्र, अंगूठी, चांदी के पाजेब आदि भी चुरा लिए। पुरानी बाइक लेकर रफूचक्कर हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# दो टीआई को भेजा रक्षित केंद्र

**इंदौर**। ग्रामीण एसपी सुनील कुमार मेहता द्वारा विभिन्न थाना प्रभारियों के ट्रांसफर किए है। इसमें बडग़ोंदा टीआई कैलाश सोलंकी व सिमरोल टीआई मंशाराम वगेन को रक्षित केंद्र भेजा। वहीं इनकी जगह पर सिमरोल टीआई का प्रभार अमित भाभर व बडग़ोंदा टीआई का प्रभार लोकेंद्र सिंह हिहोर को दिया गया है।

# सड़क हादसे में ड्राइवर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तेजाजी नगर इलाके में डी मार्ट के सामने एक निजी स्कूल के ड्राइवर की सडक़ हादसे में मौत हो गई। वह मंगलवार सुबह स्कूल जाने के लिये साईकिल से निकले। इस दौरान उन्हें वाहन टक्कर मारकर चला गया। पुलिस के मुताबिक आसपास के सीसीटीवी कैमरों से वाहन की जानकारी जुटाई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक घटना डी मार्ट की है। यहां कैलाश (55) पुत्र कालूराम बामनिया निवासी रालामंडल को साईकिल से भंवरकुआ इलाके के निजी स्कूल जाते समय अज्ञात वाहन टक्कर मारकर चला गया। उन्हें एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहां उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक के मुताबिक कैलाश का एक बेटा और दो बेटी है। बेटा प्लम्बर का काम करता है। एक बेटी की शादी हो चुकी है। वहीं छोटी बेटी पढ़ाई करती है।

# नल फिटींग का काम करने वाले कारीगर ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नल फीटींग का काम करने वाले कारीगर ने फांसी लगाकर जान दे दी। पत्नी ने सुबह देखा तो परिवार को जानकारी दी। बताया जाता है कि तीन साल पहले ही दोनो की शादी हुई थी। पुलिस के मुताबिक समूह लोन का कर्ज नही चुकाने के साथ वह पत्नी की बीमारी की जानकारी लगने के बाद डिप्रेशन में चला गया। चदंन नगर पुलिस के मुताबिक रामानंद नगर में रहने वाले राजेश पुत्र रेवाराम ठाकुर ने फांसी लगाकर जान दे दी। राजेश नल फीटींग का काम करता था। परिवार के लोगो ने बताया कि उसने तीन समूह लोन लिये थे। जिसमें किश्ते नही भरने के चलते वह तनाव में चल ही रहा था। इधर पत्नी के गर्भवती होने के पत्नी ओर पेट के बच्चे को गर्भवती बीमारी बता दी गई थी। उसके उपचार के लिये काफी रूपये लगना थे। जिसे लेकर भी राजेश तनाव में चले गया।

**तीन साल पहले हुई शादी**- राजेश की तीन साल पहले शादी हुई थी। परिवार में एक बेटी है। वही पत्नी की दूसरी डिलेवरी की तैयारी चल रही थी। पुलिस के मुताबिक कर्जदारों के परेशान करने की बात सामने आई है। उसमें परेशान करने वाले नामो को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

# थाने में वाहनों की नीलामी 16 को

**इंदौर**। तेजाजीनगर में पुलिस एक्ट में जमा कुल 10 दो पहिया वाहन को थाना परिसर तेजाजीनगर में जिस हालत में है 16 फरवरी को प्रात: 11 बजे परिसर में ही सार्वजनिक नीलामी के माध्मय से विक्रय किए जाएंगे। वाहनों की सूची व ऑफसेट वेल्यू थाना के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है।आवेदन फार्म संबंधित थाना तेजाजीनगर से प्राप्त किये जा सकेंगे। वाहन क्रम करने के इच्छुक व्यक्ति नीलामी हेतु निर्धारित आवेदन फार्म थाना तेजाजीनगर से प्राप्त कर सकते है जो कि पूर्ण भरे हुये आवेदन फार्म के साथ शुल्क रुपये 100/- की राशि का पोस्टल आर्डर जो पुलिस उपायुक्त जोन-1 नगरीय इन्दौर के नाम से देय होगा/ होंगे को संलग्न कर थाना तेजाजीनगर जिला 15 फरवरी की शाम तक जमा किये जा सकेंगे। आवेदन पत्र का शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नही होगा। यदि वाहन के इंजिन नंबर एवं चेसिस नंबर मिटे हुये हैं अथवा अस्पष्ट हैं, तो ऐसी स्थिति में वाहन का पुन: पंजीयन संभव नहीं है। ऐसे वाहन की कबाड माना जाये तथा तदनुसार उसका निराकरण किया जायेगा ।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक